चरण गिरधर चाँद

संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कारः कथक

राजस्थान के जयपुर में 19 सितंबर 1947 को जन्मे, श्री चरण गिरधर चाँद ने अपने पिता नारायण प्रसाद से कथक नृत्य का प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। आपके पिता जयपुर घराने से थे। बाद में आपने चिरंजी लाल और मोहन लाल से कथक का उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त किया। आपने हारमोनियम, तबला, पखावज, नाल और अन्य वाद्यों का वादन और गायन भी सीखा है। आपने कथक में विशिष्ट योग्यता के साथ स्नातकोत्तर की उपाधि अर्जित की थी और स्वर्ण पदक जीता था।

श्री गिरधर चाँद ने कई छात्रों को कथक में प्रशिक्षित किया है। आपने घुंघरू, रंगों भरी शाम की होली, आम्रपाली और भारत दर्शन सहित कई नृत्य–नाटकों की कोरियोग्राफी की है। आपने मॉरीशस नेशनल टीवी के लिए "लेट्स लर्न कथक" के 13 एपिसोड का निर्माण किया था और प्रस्तुतिकरण भी किया था। आपने कथक नृत्य के प्रचार–प्रसार के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर बड़े पैमाने पर कार्यशालाओं और व्याख्यान–प्रदर्शनों का संचालन किया है। आप आईसीसी (गुयाना), आईजीसीआईसी (मॉरिशस), राजस्थान संगीत नाटक अकादमी, कथक केंद्र (जयपुर) आदि से जुड़े रहे हैं।

आपको कई उपाधियों और पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिनमें सुर सिंगार द्वारा सिंगार मणि पुरस्कार (1970); राजस्थान संगीत नाटक अकादमी द्वारा अकादमी पुरस्कार (1992); हार्मनी एंड हार्ट्स, सिंगापुर द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड (2017); बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय शांति पुरस्कार (2022); और नाट्यम मालिका, सिंगापुर (2022) द्वारा नाट्यम मालिका भारत कला आचार्य रत्नम प्रमुख हैं।

कथक नृत्य में योगदान के लिए श्री चरण गिरधर चाँद को संगीत नाटक अकादेमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है।

CHARAN GIRDHAR CHAND

Sangeet Natak Akademi Amrit Award: Kathak

Shri Charan Girdhar Chand was born on 19 September 1947 in Jaipur, Rajasthan, and received his initial training in Kathak under his father Narayan Prasad of Jaipur Gharana. Later he received his advanced training under Chiranji Lal and Mohan Lal. He also learnt to play the Harmonium, Tabla, Pakhawaj, Naal and other musical instruments, and also to sing. He obtained his Masters degree (Gold medalist) in Kathak with distinction.

Shri Girdhar Chand has imparted training to many students and has many choreographic works and dance-drama shows to his credit including Ghunghru, Rango Bhari Sham ki Holi, Amrapali, and Bharat Darshan. He has also produced and presented 13 episodes of "Let's Learn Kathak" on Mauritius National TV. He has conducted and attended workshops and lecture demonstrations extensively at national and international forums to propagate Kathak dance. He has served as an Executive Member of several boards to provide valuable advice on the promotion of dance including ICC (Guyana), IGCIC (Mauritius), Rajasthan Sangeet Natak Akademi, Kathak Kendra (Jaipur), etc.

He has been conferred with many titles and awards, some of the important ones being Singar Mani Award by Sur Singar Samsad (1970); Academy Award by Rajasthan Sangeet Natak Academy (1992); Lifetime Achievement Award by Harmony and Hearts, Singapore (2017); Biju Patnaik International Peace Award (2022); and Naatyam Maalika Bharata Kala Acharya Ratnam by Naatyam Maalika, Singapore (2022).

Shri Charan Girdhar Chand receives the Sangeet Natak Akademi Amrit Award for his contribution to Kathak dance.